# वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय का ब्राज़ील के साथ समझौता ज्ञापन

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **मेरठ स्थित श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय** ने दोनों देशों के विद्यार्थियों के बीच **शैक्षिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने** के लिये **ब्राज़ील के साथ एक समझौता ज्ञापन** पर हस्ताक्षर किये हैं।

## प्रमुख बिंदु:

- इसका मुख्य ध्यान केंद्रण **डेयरी**, **कृषि**, **जैवप्रौद्योगिकी**, **स्वास्थ्य और पर्यटन के क्षेत्रों में विद्यार्थी और संकाय विनिमय कार्यक्रमों** पर होगा।
- दोनों देश संयुक्त सेमिनारों, कार्यशालाओं और नियमित कक्षाओं के माध्यम से **उन्नत प्रौद्योगिकियों और नवाचारों पर सहयोग** करेंगे।
- इस साझेदारी को **विद्यार्थियों के लिये उच्च गुणवत्ता वाली उच्च शिक्षा और अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्रदान** करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/venkateshwara-s-mou-with-brazil